हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मई 2026




# बघेरा समिति में अनियमितता की शिकायत, 11 बिन्दुओं पर होगी जांच

## एक गुमनाम शिकायत ने संस्थागत फर्जीवाड़े की खोली पोल, संयुक्त पंजीयक दुर्ग एक्शन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


जिले की सेवा सहकारी समिति मर्यादित बघेरा इन दिनों भारी अनियमितताओं और मनमानी का अखाड़ा बन गई है। समिति में लगातार हो रही शिकायतों और किसानों के भारी आक्रोश के बीच अब एक गुमनाम शिकायत के आधार पर सीधे संयुक्त पंजीयक दुर्ग द्वारा मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। ग्यारह गंभीर बिंदुओं पर शुरू हुई। इस उच्च स्तरीय जांच से समिति प्रबंधन में हड़कंप मच गया है।

मामले की शुरूआत समिति के कम्प्यूटर ऑपरेटर अरूण दास वर्मा की मनमानी और पद के दुरूपयोग से जुड़ी है। प्राप्त दस्तावेजों और किसानों की शिकायत के अनुसार अक्टूबर 2022 में धान खरीदी के समय तत्कालीन समिति प्रबंधक डोमनलाल साहू के अस्वस्थ होने पर कम्प्यूटर ऑपरेटर अरूण दास वर्मा को अस्थाई प्रभार सौंपा गया था। बाद में 18 अप्रैल 2023 को उप पंजीयक ने डोमनलाल साहू को पुनः प्रभार सौंपने का आदेश जारी किया था, लेकिन अरूण वर्मा ने प्रभार नहीं लौटाया। इस मनमानी से परेशान होकर कृषकों ने बीते 20 जून 2024 को उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव से लिखित शिकायत की थी।

किसानों का आरोप था कि अरूण वर्मा द्वारा उन्हें समय पर खाद-बीज, केसीसी और नकद चेक नहीं दिया जा रहा है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते उप आयुक्त सहकारिता शिल्पा अग्रवाल ने 25 जून 2024 को सहकारिता निरीक्षक संध्या अग्रवाल को सात दिवस के भीतर तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

### नियम विपरीत प्रमोशन का आरोप

शिकायत में मुख्य रूप से सेवानियम 2018 के विपरीत और बिना जांच रिपोर्ट आए कर्मचारियों का प्रमोशन करने का आरोप है। इसके साथ ही खाद-बीज और खाद्यान्न में भारी गड़बड़ी करने बैंक कैडर के अधिकारी के रहते अरूण वर्मा को नियम विरुद्ध वित्तीय प्रभार सौंपने और सेवा नियम से अधिक कर्मचारी रखने जैसे गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं।



### जांच के दायरे में आए

अन्य बिंदुओं में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पूर्व में दो व्यक्तियों को भुगतान करना, पदोन्नति के बाद वेतनमान में अत्याधिक वृद्धि करना शामिल है। सबसे गंभीर आरोप धान खरीदी से जुड़े हैं। जिसमें समिति का धान समय पर उठने के बाद भी शॉर्टेज बताने और धान खरीदी में अत्याधिक खर्च कर नियमों का पालन न करने की बात कही गई है। इसके अलावा संस्था के प्राधिकृत अधिकारी का उपविधि के अनुसार पांच वर्षो से ऋणी न होने और अन्य समिति के कर्मचारियों को हड़ताल करने तथा धान खरीदी न करने के लिए भड़काने जैसे गंभीर आरोप भी इस जांच का हिस्सा है।

### नियमों की अनदेखी

इन शिकायतों से यह स्पष्ट हो गया है कि यहां नियमों की जमकर अनदेखी की गई है। लंबे समय से परेशान किसानों को अब संयुक्त पंजीयक दुर्ग द्वारा शुरू की गई इस सीधी जांच से बड़ी उम्मीदें है। कृषकों का मानना है कि इस विस्तृत जांच के बाद न केवल समिति में चल रही मनमानी पर रोक लगेगी, बल्कि दोषियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में अश्लील वीडियो डाला, गिरफ्तार

**खैरागढ़।** इंस्टाग्राम में अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में गातापार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बालक-बालिकाओं से संबंधित अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सायबर एनसीआरबी नई दिल्ली से प्राप्त टिप लाइन सूचना के आधार पर महिला एवं बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी।

जांच के दौरान थाना गातापार क्षेत्र के आरोपी अश्वन धुर्वे 26 वर्ष निवासी ग्राम लछना द्वारा अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी में बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो अपलोड किया जाना पाया गया। उक्त कृत्य पाए जाने पर आरोपी अश्वन धुर्वे 26 वर्ष निवासी ग्राम लछना के विरुद्ध थाना गातापार में धारा 67(बी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपी को 25 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

उक्त कार्रवाई में थाना गातापार पुलिस एवं जिला केसीजी पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### मांय एंगल



## एक जून को मतदान से पहले दोनों दलों ने झोंकी अपनी ताकत

# घुमका में चढ़ा सियासी पारा: आज भूपेश, 30 को डिप्टी सीएम की सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत को लेकर अब सियासी पारा चढ़ने लगा है, जहां अब तक जिले के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ही मोर्चा संभाले रखा था। अब दोनों दलों से प्रदेश स्तरीय नेताओं के आगमन की भी शुरूआत हो गई है, जहां दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने अपनी दस्तक दे दी है। वहीं अब कल गुरुवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल घुमका में सभा लेने वाले हैं। इसके अलावा भाजपा भी प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव की एक सभा 30 मई के आयोजन की तैयारी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि घुमका नगर पंचायत में पहली बार चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके चलते यहां कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए जहां दोनों ही दलों ने लोधी प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। अब वहीं इन प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए भी फिल्ड पर कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले करीबन दो सप्ताह से घुमका के स्थानीय कार्यकर्ताओं के अलावा जिलेभर से कांग्रेसी और भाजपाई यहां डेरा डाले हुए हैं। शनिवार की शाम प्रचार-प्रसार का शोरगुल थमने से पहले दोनों दल यहां हर एक मतदाता तक पहुंचने के प्रयास में जुट गए हैं। वहीं इस नगर पंचायत के 15 वार्ड में भी अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए नेता डोर-टू-डोर दस्तक दे रहे हैं।



**पट्टा और महिला घाट जैसे वादे:** घुमका चुनाव को लेकर भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसमें उन्होंने सड़क चौड़ीकरण, हर तालाब में निस्तारी के लिए महिला घाट, प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण, वंचित परिवारों को आबादी पट्टा, पात्र परिवारों को पीएम आवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का विस्तार, हाईटेक लाइब्रेरी, विद्युत विभाग का जेई कार्यालय स्थापित किए जाने जैसे वादे शामिल किए गए हैं।



**सीसीटीवी कैमरे, आईटीआई प्रशिक्षण के वादे:** कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में नपं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, आईटीआई प्रशिक्षण के लिए संस्था खुलवाना, सब डिवीजन विद्युत कार्यालय को घुमका लाने का प्रयास, सोनबरसा नाला में स्टॉप डैम निर्माण, प्रमुख चौक-चौराहों में हाई मास्क लाईट, सभी वार्ड में सीसी रोड़, भूमिहीन हितग्राहियों को लाभ दिलाना, हर वार्ड में एक-एक नया ट्रांसफार्मर लगवाने जैसे वादे शामिल किए गए हैं।

### दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्ष ने दी दस्तक, विधायकों का भी लगा डेरा

घुमका चुनाव को लेकर दो दिन पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे थे। उन्होंने घुमका के स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के साथ ही चुनाव का मोर्चा संभाले हुए जिला स्तरीय नेताओं से भी चर्चा कर रणनीति पर काम किया था। वहीं एक दिन पहले मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह भी घुमका पहुंचे थे, जहां उन्होंने भाजपा के प्रचार अभियान की स्थिति देखने के साथ ही आगामी दिनों के कार्यक्रम की जानकारी चुनाव संचालक मधुसूदन यादव से ली। इसके अलावा कांग्रेस के विधायक और भाजपा के विधायक भी इस चुनाव में अपनी दस्तक देकर लोगों से अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने के लिए पसीना बहाते नजर आ रहे हैं।

## जिला अस्पताल परिसर का मामला

# किराया नहीं किया जमा दो दुकानों पर लगा ताला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में आबंटित दुकानों का वर्षों से लंबित किराया जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को दो दुकानों पर सील लगाने की कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जीवन दीप समिति के निर्णय के अनुसार बकाया किराया जमा नहीं करने पर दुकानों को सील करने एवं आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम व पोष्ट कुथरेल जिला दुर्ग निवासी श्रीमती ममता चन्द्राकर को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव परिसर में आबंटित उत्तरमुखी दुकान क्रमांक-8 को तालाबंद कर सील किया गया। परिसर में संचालित अन्य दुकानदारों को भी निर्धारित समयसीमा में बकाया किराया जमा करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा में बकाया किराया राशि जमा नहीं करने वाले अन्य दुकानदारों के विरूद्ध भी नियमानुसार सीलिंग एवं आबंटन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में तहसीलदार प्यारे लाल नाग, सिविल सर्जन डॉ. महेन्द्र प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक अविन चौधरी, स्टीवर्ड सुरेश कुमार मंडलोई सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

### पौने दो लाख बकाया

बताया गया कि जिन दुकानों पर एक्शन लिया गया है, उन्हें पहले भी किराए अदाएगी के लिए सूचना दी गई थी। लेकिन दुकानदारों द्वारा कोई पहल नहीं की गई। संबंधित दुकान का माह जुलाई 2015 से किराया बकाया था। कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा किराया राशि जमा करने हेतु अंतिम स्मरण नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि तक 1 लाख 80 हजार 759 रूपए की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर पंचनामा कर दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

# बैरक में शराब सेवन, दो प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी पुलिस थाना परिसर में शराबखोरी करना दो प्रधान आक्षक को भारी पड़ गया। शराबखोरी की शिकायत के बाद उनके खिलाफ एक्शन हो गया है।



बताया गया कि थाना परिसर में स्थित बैरक में रात के समय दो प्रधान आरक्षक शराब का सेवन कर रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने दोनों प्रधान आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सोमनी परिसर में स्थित बैरक में 25 मई की रात्रि लगभग 10 प्रधान आरक्षक हेमंत अनंत एवं प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र कौचे शराब का सेवन करते पाए गए थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने एक आदेश जारी कर उक्त दोनों प्रधान आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जिन्हें रक्षित केन्द्र राजनांदगांव संबद्ध किया गया है।

एमपी और महाराष्ट्र के रहने वाले आरोपी

# मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मवेशियों को पैदल हांकते एवं लाठी-डंडे से पीटते महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं चार मवेशी सहित अन्य सामान बरामद किया है।



जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में पशु तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला केसीजी पुलिस टीम एवं थाना गातापार पुलिस द्वारा 25 मई को थाना गातापार क्षेत्रांतर्गत चंगुर्दा घाटी, ग्राम चंगुर्दा में कार्रवाई करते 4 नग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए पैदल महाराष्ट्र कत्लखाना ले जा रहे दो आरोपी राजकुमार देशमुख 48 वर्ष निवासी ग्राम सावरीकला जिला बालाघाट मप्र और वितेश बावनथडे 35 वर्ष निवासी ग्राम मारूटोला जिला गोंदिया महाराष्ट्र को पकड़ा गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 25 मई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड प्राप्त होने पर उप जेल सलोनी भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना गातापार पुलिस एवं जिला केसीजी पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### चार बैल, दो मोबाइल, एक बाइक बरामद

आरोपियों द्वारा मवेशियों को लाठी-डंडे से मारते-पीटते हुए ले जाना पाए जाने पर उनके विरुद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रतिक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपियों से 4 नग बैल, 2 नग मोबाइल, 1 नग मोटर साइकिल जब्त किया।






## जिले के दो दर्जन सीबीएसई स्कूलों पर पड़ेगा इस निर्देश का असर

# अब सीबीएसई में 6वीं के बच्चे पढ़ेंगे तीसरी भाषा स्कूलों को चयन करने के लिए 31 मई तक मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने स्कूलों में तीसरी भाषा लागू करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वो कक्षा 6 के लिए तीसरी भाषा का चयन जल्द से जल्द पूरा करें और इसकी जानकारी ओसिस पोर्टल पर अपडेट करें। सीबीएसई ने साफ किया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से यह व्यवस्था अनिवार्य होगी। इसके लिए स्कूलों को 31 मई तक का अंतिम मौका दिया गया है। तय समय-सीमा के बाद नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। ज्ञात हो कि जिले में करीबन दो दर्जन स्कूल सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है, जिन पर इस आदेश का असर पड़ेगा।

बोर्ड का यह निर्देश अप्रैल 2026 को जारी सर्कुलर के बाद आया है, जो राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-स्कूली शिक्षा (एनसीएफ-एसई) 2023 पर आधारित है। सीबीएसई के अनुसार कई स्कूलों ने अपनी तीसरी भाषा का विकल्प पहले ही पोर्टल पर अपलोड कर दिया है, लेकिन कुछ स्कूल अब भी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। वहीं कुछ ने नीति के अनुरूप विकल्प नहीं चुने हैं। सीबीएसई ने तीन-भाषा फॉर्मूला आर1, आर2, आर3 को सभी स्कूलों के लिए जरूरी बताया है। इसमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं शामिल होना अनिवार्य है, जिन स्कूलों में यह व्यवस्था अभी तक लागू नहीं है, उन्हें 1 जुलाई 2026 से इसे शुरू करना होगा। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर स्कूलों की मदद भी करेंगे।

### अपलोड होगी किताबें

बोर्ड के अनुसार संविधान की लिस्ट में शामिल भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें 1 जुलाई 2026 से पहले एनसीईआरटी और सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। अगर कोई स्कूल लिस्ट से बाहर की भाषा चुनता है, तो वह राज्य स्तर पर स्वीकृत किताबों का उपयोग कर सकता है, लेकिन उसे नेशनल करिकुलम के तय लर्निंग आउटकम का पालन करना होगा।

### जिले में दो दर्जन स्कूलें

ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय में सीबीएसई स्कूलों की संख्या में वृद्धि देखने को मिली है, जहां एक दशक पहले तक जिले में आधा दर्जन ही सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलें थी। अब इनकी संख्या बढ़कर दो दर्जन से अधिक पर पहुंच गई है। वहीं इनमें शहर में ही 20 से अधिक सीबीएसई स्कूलें हैं। ऐसे में इस नए निर्देश का जिले के हजारों बच्चों पर प्रभाव दिखेगा।




## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों की गहन समीक्षा

**मोहला।** सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत आमाडुला में आयोजित समाधान शिविर से पहले कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने 13 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक लेकर विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन समस्याओं से संबंधित शिकायतें अधिक मिल रही हैं, उनका त्वरित निराकरण किया जाए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने तालाब, कुएं और अन्य जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय तालाबों को मछली पालन हेतु मछुआ समूहों एवं महिला समूहों को पट्टे पर दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। जिससे स्थानीय समूहों को रोजगार मिलेगा साथ ही पंचायतों को आय बढ़ेगी।

### दिव्यांग वृद्ध को मिला वॉकर स्टिक

**मोहला।** सुशासन तिहार अंतर्गत आमाडुला में आयोजित समस्या निवारण शिविर ने ग्रामीणों के लिए नई उम्मीद लेकर आया। ग्राम के 76 वर्षीय कीर्तन भंडारी को शिविर से काफी राहत मिली है। दिव्यांग कीर्तन भंडारी को चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सुशासन तिहार के शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने उसकी समस्या को गंभीरता से सुनकर वॉकर स्टिक प्रदान किया। उसे आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी उपलब्ध कराया गया। सहायता मिलने के बाद कीर्तन भंडारी ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

### मेडिकल बोर्ड का आयोजन 30 को

**मोहला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में आयोजित होने वाले जिला मेडिकल बोर्ड की तिथि में परिवर्तन किया गया है। प्रत्येक चौथे बुधवार को आयोजित होने वाला जिला मेडिकल बोर्ड अब सार्वजनिक अवकाश के कारण 30 मई को आयोजित होगा। मेडिकल बोर्ड का आयोजन पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में किया जाएगा।

### मानपुर में कल मेगा क्रेडिट कैंप

**मोहला।** बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 29 मई को मानपुर में जिलास्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जिले के सभी बैंक एवं उनकी शाखाएं भाग लेंगी। यह कैंप आरसेटी भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। शिविर में नागरिकों, किसानों, युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों तथा छोटे व्यापारियों को विभिन्न ऋण योजनाओं, स्वरोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग और सरकारी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र हितग्राहियों को ऋण आवेदन, बैंकिंग परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

### चुनाव प्रचार में जुटे कांग्रेस नेता

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत घुमका में हो रहे चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय हो गया है। वार्ड क्रमांक 9 में पार्षद प्रत्याशी उषा वर्मा एवं अध्यक्ष प्रत्याशी फुलमती वर्मा के पक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने गत दिनों घर.घर जाकर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के संकल्प के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में है। जनसंपर्क के दौरान धीरज मेश्राम, चंद्रेश वर्मा, पप्पू वर्मा, पीयूष दुबे, राकेश वर्मा, लिलाम्बर वर्मा, पवन वर्मा, विश्राम वर्मा आदि मौजूद थे।

### मनरेगा के कार्यों में गड़बड़ी का आरोप

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत नागतराई के ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्य को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से हाजिरी दर्ज किया जा रहा है जिससे वास्तविक मजदूरों का हक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि पंच हाजिरी भरते हुए मनमाने तरीके से कार्य करा रहे हैं। आरोप है कि मनरेगा के मस्टररोल में उन लोगों की भी हाजिरी भरा जा रहा है जो काम नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचों के दबाव में रोजगार सहायक भी अनियमितता बरतते हुए फर्जी कार्य करवाने में भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### पानी बचाने और पौधरोपण करने का आह्वान



**जेवरतला रोड।** वर्षा जल के संग्रहण, बढ़ते तापमान और प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उच्चतर माध्यमिक शाला टटेगा के स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब ने अजय पाठक तथा रीना बोरकर के मार्गदर्शन में टटेंगा, भरदा, कसही तथा रानीतरई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद वृक्षारोपण एवं वर्षा जल संग्रहण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग बनाने प्रेरित किया गया। व्याख्याता पाठक ने कहा कि यदि आज सचेत नहीं हुए तो भविष्य में गर्मी तथा पानी की किल्लत बढ़ते जाएगी। प्रत्येक नागरिक को वृहद पौधारोपण तथा जल संचयन का शपथ लेना चाहिए। शिक्षिका रीना बोरकर ने कहा कि पौधारोपण कर उसे बचाना भी जरूरी है। शाला समिति के रिखीराम साहू ने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने का आव्हान किया। इस अवसर पर रफीक खान, शगुनराम सिन्हा, कुंदन यादव, धनीराम साहू, ईश्वर देवांगन, लीलाधर, लीलेश्वरी देवांगन, पुष्पा सुधाकर, त्रिवेणी, तीजन, डीलेश्वरी साहू, चंद्रिकाबाई साहू, फुलकेना निषाद आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल संगठन की कार्यकारिणी में विमल, बीरेन्द्र शामिल

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल संगठन की नई कार्यकारिणी में जिले से दो सक्रिय समाजसेवियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन की राष्ट्रीय



कार्यकारिणी में राजनांदगांव के विमल अग्रवाल एवं डोंगरगढ़ के वीरेंद्र अग्रवाल को स्थान दिया गया है। इस उपलब्धि पर राजनांदगांव, डोंगरगढ़ अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने दोनों को बधाई दी है। प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अशोक लोहिया एवं प्रचार- प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जिले के प्रतिनिधियों को स्थान मिलना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पदाधिकारी समाजहित में निरंतर कार्य करेंगे।

## निधन



### प्रिया करसे

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के सफाई दरोगा के पुत्र विनय करसे की धर्मपत्नी प्रिया करसे का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## सोलह सौ ने दिया समाधान शिविर में आवेदन

# महिला समूह को मिला चेक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सुशासन तिहार के तहत सोनेसरार में आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए खुशियों का पैगाम लेकर आया। शिविर में जहां लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सोनेसरार में आयोजित शिविर का शुभारंभ भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुआ। शिविर में 19 ग्राम पंचायत के महिला पुरुष सम्मिलित हुए।

इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए साय सरकार ने सुराज तिहार की शुरुवात की है जिसमें अपेक्षा के अनुरूप समाधान करने के साथ विभिन्न योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि समन्वय के साथ काम करे तो गांवों की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर को आसानी से बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में किसी प्रकार की राजनीति नहीं होना चाहिए और अच्छे काम में सभी की सहभागिता हो तो बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आगे बढ़कर विकास में हाथ बंटाने का आह्वान किया।



### जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

इस मौके पर सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, विभा साहू, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, रेशमा साहू, टुमन साहू, गेंदा साहू, दीपक पटेल, हरिला साहू, गिरधारी राम साहू, मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, कपिल पटौती, विवेक मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष भावेश निक्की सरपंच संघ अध्यक्ष रोहित साहु, एसडीएम श्रीकांत कोराम, जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पो, तसीलदार कमलकिशोर साहू, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीण बने सहभागी

सुशासन शिविर में कुल 1603 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। अतिथियों ने कक्षा 10वी एवं 12वी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सोनेसरार, करमतरा, जंगलपुर, कु.भाठागांव, खुर्सीपार एवं बड़गांव चारभांठा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सात स्वच्छताग्राहियों दीदियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक सहायता पेंशन योजना अंतर्गत 13 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, 13 को राशन कार्ड दिया गया। इसी क्रम में दुर्गावति महिला स्व सहायता समूह को 4 लाख, श्री राम स्व सहायता समूह को 1.50 लाख का चेक दिया गया। तीन लखपति दीदियो को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। कृषि विभाग ने 4 कृषकों को मूंग बीज प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 गर्भवती माताओं की गोद भराई संस्कार कराने के साथ 5 बच्चों को सुपोषण किट, 10 किशोरी बालिका को सेनेटरी नेपकिन वितरित किया। 10 स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया गया।

# सरकारी दुकान से शराब की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



- मेढ़ा दुकान में लगा रहता है कोचियों का मजमा
- ग्राहकों को नहीं मिल रही पसंदीदा शराब

मेढ़ा स्थित सरकारी शराब दुकान से कोचियों को शराब सप्लाई करने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। शराब दुकान में ग्राहकों धूप में खड़े रहने के बाद भी उन्हे नजर अंदाज कर कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब मुहैया कराया जाता है। जानकारी के अनुसार ग्राहकों से अधिक कोचियों को शराब दिया जा रहा है जिसे आसपास क्षेत्र में अधिक कीमत में बेच कर कोचिया फायदा उठा रहे है। जानकारी के अनुसार मेढा से लगे पटपर, पिनकापार, मेढा बाजार, धनडोंगरी, मुरमुंदा, माटेकटटा, कुरूभाट, राका, मुडपार, डुंडेरा, खलारी, कोलिहापुरी, नवागांव, उरईडबरी सहित अन्य गांव कोचिया खुले आम शराब बेच रहे है।

### बढ़े शराब कोचिया

लोगों ने बताया कि मेढा में शराब दुकान खुलने के बाद से क्षेत्र में शराब कोचियों की बाढ आ गई है। जहां लोगो को मन मुताबिक शराब नही मिल रही है वहीं कोचियां चखना सेंटरों में मन पसंद शराब उपलब्ध करा रहे है। गांव का माहौल खराब होने पर लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## ईव्हीएम का एफएलसी 29 व एसडीपीसी 30 को

**राजनांदगांव।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारी हेतु जिले में उपलब्ध ईव्हीएम का एफएलसी 29 मई 2026 को एवं एसडीपीसी 30 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला कार्यालय राजनांदगांव स्थित ईव्हीएम गोडाउन में इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी एवं एसडीपीसी कार्य में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने अनुरोध किया गया है।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**राजनांदगांव।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2026 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून से 15 अक्टूबर तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी और 24 घंटे निरंतर क्रियाशील रहेगी।

## गरीबों को नहीं मिल रहा आवास योजना का लाभ



**डोंगरगढ़।** आबादी जमीन का पटटा और आवास योजना का जरूरतमंदों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलने पर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण कनौजिया ने नगरीय प्रशासन एवं राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाया है। उन्होने बताया कि 10 वर्ष पहले बधियाटोला में आबादी जमीन घोषित किया गया है। उनका कहना है कि अन्य 23 वार्डो में भी उचित ढंग से सर्वे किया जाये तो अबादी जमीन सामने आएगी। अधिकारियों के सर्वे के अनुसार नजुल की भूमि अधिक है। उन्होने बताया की प्रदेश शासन ने 16 साल व उससे अधिक सालों से जमीन पर काबिज लोगो को पटटा देने के साथ आवास योजना से जोडने की मंशा जाहिर की है किन्तु स्थानीय अधिकारी इस दिशा में पहल नहीं कर रहे है। उनका आरोप है कि 24 वार्ड की सर्वे की सही जानकारी अधिकारियों के पास नहीं है और पूरी योजना कागजों तक सिमट गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर के गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

## शहर में जल संकट गहराया तब समाधान की कोशिश

- कई वार्डों में संकट, टैंकरों से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगरवासियों को बुनियादी सुविधा मुहैया कराने की जिम्मेदारी संभालने वाला नगर प्रशासन जल संकट गहराने के बाद कुआं खोदने की तैयारी में जुट गया है। अगले एक पखवाड़े में मानसून के सक्रिय होने के बाद प्रशासन की कवायद ठंडे बस्ते में चली जाएगी और फिर अगले साल संकट के फिर गहराने का इंतजार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गर्मी शुरू होने के पहले तैयारी नहीं करने के कारण कई वार्ड इन दिनों जल संकट से जूझ रहे है। कुछ वार्डों में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है जिनकी संख्या सीमित होने के कारण लोगों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। वहीं आदिवासी बाहुल्य करिया टोला वार्ड में बीते चार पांच दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

### देर से खुली नींद

नगर में जल संकट गहराने के बाद 25 मई को पदाधिकारियों एवं पीएचई विभाग के अधिकारी की बैठक आयोजित की गई। मानसून आने के करीब पखवाड़े भर पहले आयोजित बैठक में पीएचई विभाग को शहर में जल प्रदाय हेतु शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। वार्ड 1 मोंगरा कालोनी में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार, जल सप्लाई वाल्व चेक कराने, पेयजल समस्या से ग्रसित वार्ड 4, 11 एवं 12 की चोक पाईप लाईन त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

## घुमका में बढ़ी निकाय चुनाव की सरगर्मी

### भाजपा कांग्रेस के नेता सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर में पहली बार हो रहे निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ गई है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सहित कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अध्यक्ष और 15 वार्डों में पार्षद पद के लिए प्रत्याशी उतारने के साथ जीत के लिए प्रयास शुरू कर दिए है। आगामी एक जून को प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शहर के 3197 मतदाता करेंगे।

नगर पंचायत बनने के बाद होने जा रहे पहले चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। लोगों को इंतजार है चार जून का जिस दिन तय होगा कि पहला अध्यक्ष बनने का गौरव किसे मिलता है। प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए प्रत्याशियों के साथ बड़े नेताओं ने कमर कस लिया है। भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण एकलव्य वर्मा पूरे जोर शोर के साथ प्रचार में लगी है। वह घर घर जाकर समर्थन मांग रही है। इसी क्रम में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव सिंह ने गत दिनों 24 बिंदुओं का संकल्प पत्र जारी किया जिसमें इस बात का उल्लेख है कि भाजपा के सत्तारूढ़ होने पर क्या क्या किया जाएगा। चुनाव संचालक मधुसूदन यादव का कहना है कि चुनाव में में भाजपा की जीत के बाद विकास का संकल्प पूरा किया जाएगा। बीते मंगलवार को सांसद संतोष पांडे ने युवा मोर्चा की मीटिंग लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।



### आम लोगों तक पहुंच

कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा का प्रत्याशी बनाया है। सरपंच रहने के बाद आम लोगों के बीच श्रीमती वर्मा की पकड़ मजबूत हैं। वह व्यक्तिगत छबि को लेकर चुनाव में जीत के लिए आश्वस्त है। श्रीमती वर्मा नगर विकास की 30 बिंदुओं पर मतदाताओं से चर्चा कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को यहां कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेकर जीत के टिप्स दिए।

### आप भी चुनाव मैदान में

आम आदमी पार्टी ने भी नगर पंचायत के चुनाव में प्रत्याशी उतारे है। अध्यक्ष पद के लिए अलिशा जोशी मैदान में है। अलिशा भी जनसंपर्क करने जुटी है। वह विकास की गारंटी पत्र से मतदाताओं को अवगत करा रही है। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी टीम के साथ सक्रिय हैं। पार्टी के प्रांतीय प्रभारी मुकेश अहलावत विगत दिनों यहां सभा ले चुके हैं।

## आसरा पंचायत में हुए विभिन्न कार्य

# सरपंच की सक्रियता से विकास को गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निर्वाचन के बाद से ब्लाक के अधिकांश सरपंच आर्थिक तंगी से जूझ रहे है जिसके चलते गांवों में मूलभूत सुविधा के भी काम नहीं हो पा रहे है वहीं बड़ी पंचायतों में शुमार आसरा के सरपंच शरद वैष्णव लगातार सक्रियता से काम करते हुए विकास को गति दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आसरा के ग्रामीणों ने बड़ी उम्मीद के साथ मतदान कर शरद वैष्णव को सरपंच चुना था। निर्वाचन के बाद श्री वैष्णव जनाकांक्षा को पूरा करने की दिशा में जुट गए जिसके चलते अब तक कई विकास कार्यों को अंजाम दिया जा चुका है। सरपंच श्री वैष्णव ने बताया कि ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराना और गांव के विकास को गति देना उनकी प्राथमिकता रही है।

### विकास के हुए कई काम

श्री वैष्णव ने बताया कि अब तक की अवधि में उन्होंने पंचायत भवन मरम्मत, साहू पारा में पानी टंकी चबूतरा निर्माण, सतनामी पारा में शौचालय, निषाद भवन, अटल डिजिटल सुविध केंद्र भवन, आरा मशीन के पास शिव मंदिर चबूतरा, यादव सामुदायिक भवन, वार्ड 12 से 15 तक धरसा निर्माण, पंचायत प्रांगण में कांक्रीटीकरण, प्राथमिक शाला अड़ाम का मरम्मत, सुरक्षा के लिए सीसी टीवी कैमरा लगाया गया।

उन्होंने बताया कि प्रशासन के साथ तालमेल बैठाते हुए गांव के विकास को गति देने का प्रयास किया जिसमें काफी हद तक सफलता मिली है फिर भी अभी काफी कुछ करना बाकी है।

### पंचायत क्षेत्र में कई कार्य प्रगतिरत

उन्होंने बताया कि वर्तमान में अटल



सदभावना भवन अड़ाम, चबूतरा निर्माण नक्ता तालाब, बेलस घर से कलीराम घर तक कांक्रीटीकरण, नूतन घर से अमन घर तक सीसी रोड, साहू भवन अड़ाम, वार्ड 12 से 15 तक नाली निर्माण, माध्यमिक शाला भवन आसरा एवं हाई स्कूल भवन आसरा का मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

### गलियों की दशा बदली

उन्होंने बताया कि बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आवाजाही में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए वार्ड 12 एवं 13 में कांक्रीटीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में फ्लोरिंग, वार्ड 12 एव 13 में नाली निर्माण कराया गया। इसी क्रम में विभिन्न प्रदूषित जगह के गड्ढा में जीरा डस्ट से भराव किया गया। ग्रामीणों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने किए 5 एचपी के 3 सबमर्सिबल पंप लगाए गए हैं। क्रिकेट स्टेडियम में हाई माम्क लाइट, पंचायत भवन में टाइल्स लगाने के साथ शौचालय, पार्किंग में कांक्रीटीकरण कार्य कराया गया है।

# अवैध बिक्री से परेशान ग्रामीणों ने रखी शराब दुकान खोलने की मांग

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुसराकला में अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीण तंग आ गए है। गुस्साए ग्रामीणों ने सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर के नेतृत्व में जिलाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र की सुरक्षा व शांति व्यवस्था बहाल करने की गुहार लगाई।

ज्ञापन में सरपंच और ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की प्रत्येक गली में कोचियों द्वारा शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों और पंचायत ने शराब की बिक्री रोकने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन अंकुश नहीं लग पाया है। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह नाकाम साबित हुई है, जिससे कोचियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल और सरकारी परिसर को शराबियों ने अपना अड्डा बना लिया है। मुसराकला के बाजार चौक पर चखना दुकानें संचालित हो रही हैं, जहां अवैध शराब बेचा जा रहा है। लोग यहाँ से शराब खरीदकर पंचायत परिसर, कन्या शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र और पटवारी भवन के सामने खुलेआम शराब पीते हैं। इन सरकारी कार्यालयों और स्कूल परिसरों में शराब की बोतलें बिखरी रहती हैं।

### बिखर रही गंदगी

शराबियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर फैलाई जाने वाली गंदगी और बोतलों को साफ करने के लिए ग्राम पंचायत को आए दिन अभियान चलाना पड़ रहा है। पंचायत को सफाई में बड़ी रकम खर्च करना पड़ रहा है जिससे अन्य जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने जिलाधीश के सामने सरकारी शराब दुकान खोलने की मांग की है ताकि शराबी एक निश्चित क्षेत्र तक ही सीमित रहें और स्कूलों और सरकारी दफ्तरों के सामने होने वाली अभद्रता पर रोक लग सके।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अवैध प्लाटिंग की पुष्टि, 22 टुकड़ों में बटी जमीन की रजिस्ट्री

# जांच रिपोर्ट के आठ महीने बाद भी नहीं चला अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रशासनिक जांच, राजस्व विभाग की रिपोर्ट और नगर निवेश विभाग की साफ-साफ पुष्टि के बाद भी एडवर्ड पार्क नाम की जमीन में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कलेक्टर कार्यालय ने 29 सितंबर 25 को ही नगर पालिका को सख्त निर्देश दिया था, लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी नपा इस संबंध मे कोई कारवाई नही कर पाई है।

उल्लेखनीय है कि तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी की संयुक्त जांच में साफ हुआ कि नजूल प्लॉट नंबर 114 और 115 (मूल खसरा नंबर 169) की जमीन को बिना किसी अनुमति के 22 टुकड़ों में बांट दिया गया। दस्तावेज बताते हैं कि मूल धारक राजकुमारी स्मृति देवी ने करीब दो दर्जन लोगों को 85,627 वर्गफीट जमीन बेच डाली। खास बात यह है कि यह जमीन वर्तमान पटवारी अभिलेख मे खनं 169 रकबा 2.259 हे दर्ज है जो कि सरकारी भूमि और मद अधिकार अभिलेख में रिकॉर्ड में छोटे झाड़ का जंगल और घास भूमि दर्ज है। इस खनं का उपविभाजन वर्तमान अभिलेख में नही हुआ है नियमानुसार छोटे झाड़ का जंगल और घास भूमि का कोई निजीकरण नहीं हो सकता।

### नगर निवेश ने कहा- अवैध प्लाटिंग, नपा चुप

उपसंचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, राजनांदगांव ने 2 सितंबर 25 को साफ लिख दिया था कि इस भूमि का कोई ले-आउट स्वीकृत नहीं है और यह पूरी प्रक्रिया अवैध प्लाटिंग के दायरे में आती है। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद ने न आठ महीनों में नाम तो कॉलोनाइजर नियम 2013 के तहत कोई नोटिस जारी किया, न ही अवैध निर्माणों को चिन्हित करने की कोई पहल की है। प्रशासन का यह रवैया छोटे ठेला-गुमठी व्यवसायियों पर बुलडोजर चलाने वाली सख्ती के बिल्कुल उलट है।

### अटल परिसर से लेकर पार्क तक कब्जा

सूत्रों के मुताबिक यही मेनटेंनेस खसरा का खेल शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी हो चुका है। यहां तक कि अटल परिसर के पास की जमीन कोर्ट के सामने का परिसर पर भी इसी तर्ज पर कब्जे की कोशिश हुई। हैरानी की बात यह है कि उप पंजीयक कार्यालय ने भी बिना नगर निवेश की अनुमति के इन रजिस्ट्रियों को पास कर दिया जो अपने आप में एक गंभीर लापरवाही या मिलीभगत का संकेत है।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

दो महीने पहले ही ज्वाइन किया हूँ, मामले मे पूरी फाइल देखने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा पर जो भी कारवाई होगी नियमानुसार बिना किसी दबाव के होगी। इस संबंध में पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है।

**- पुनीत राम वर्मा,** सीएमओ नपा

### पत्र का नहीं मिला जवाब

अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होने के बाद नपा को नियम कानून तहत कारवाई के लिए लिखा गया था वहॉ से अभी तक कोई जवाब नही मिला है। **- रेणुका रात्रे,** नजूल अधिकारी

### एसआईटी जांच ही खोल सकती है पोल

स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि इस मामले में उच्च स्तरीय एसआईटी जांच कराई जाए, सभी 22 रजिस्ट्रियों को निरस्त किया जाए और दोषी अधिकारियों व भू-माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। जॉच प्रकिया की जानकारी होने के बावजूद नकल उपलब्ध कराने वाले आरआई को तत्काल हटाकर उसके खिलाफ विभागीय जॉच करवाई जा रही है वही पंजीयन करने वाले अधिकारी को भी उक्त खसरे का पंजीयन नही करने की सूचना देने के बाद भी पंजीयन करने के कारण जवाब मांगा गया है।

# कार्यकर्ताओं के बल पर चलती है भाजपा : सांसद रूप कुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी अजय राव, जिला भाजपा प्रभारी नलिनीश ठोकने व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी संगठनात्मक पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं के आधार पर चलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और कार्यपद्धति से भली-भांति परिचित होना चाहिए। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी रखना भी आवश्यक है ताकि आम जनता तक इन योजनाओं का लाभ सही ढंग से पहुंचाया जा सके।

इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, जिला महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, आयश सिंह बोनी, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र जैन, श्यामपाल ताम्रकार, टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, चंदन गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, देवीन बाई कोठले, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, दिनेश वर्मा, राजकुमार जंघेल, खम्हन ताम्रकार, ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल, ललित सोनी, शत्रुघ्न साहू, गोरेलाल वर्मा, वंदना तांडेकर, डोरेलाल साहू, श्यामसुंदर साहू, पन्ना मंडावी, दीना जंघेल, संदीप दास वैष्णव, नीलम राजपूत, किरण गुप्ता, जयप्रकाश साहू, प्रकाश सिंह, डॉ. चंदू वर्मा, अवध वर्मा, जंत्री साहू, अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मूल उद्देश्यों की मिलती है जानकारी

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी मिलती है। नई ऊर्जा का संचार होता है और वे अधिक प्रभावी ढंग से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं। अन्य वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता प्रशिक्षण व जनसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत होते हैं और ऐसे आयोजनों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलती है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे बारह सत्रो मे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों की गहन समझ प्राप्त हुई।

# अपात्रों को पीएम आवास का लाभ, प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- गठित सत्यापन दर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करें

जनपद क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों में अनियमितता और गड़बड़ी की आशंका को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। बिना आवास आवंटन, शासकीय जमीनों के आबंटन में धांधली और अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिए जाने मिल रही लगातार शिकायतों के बाद एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने गठित सत्यापन दलों अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर अनियमितता बरतने की शिकायतें जिसमे बिना सूचना और निर्धारित नियमों का पालन किए शासकीय जमीनों का आबंटन करने और अपात्र हितग्राहियों को भी योजना का लाभ देना था।



### अपूर्ण आवासों को पूरा कराने के दिए निर्देश

बैठक में एसडीएम ने अप्रारंभएवं बंद हो चुके आवासों की जानकारी, पेशी सूची उपलब्ध कराने तथा अप्रारंभ आवासों को 31 मई तक शुरू कराने के निर्देश दिया। वहीं प्रगतिरत आवासों को 30 जून तक पूरा कराने कहा। इसके अलावा 2016 से 2025 तक एक ही परिवार को दो बार आवास स्वीकृत किए जाने, आवास निर्माण के बाद हितग्राहियों के पलायन, अपात्र हितग्राहियों की सूची, आवास निर्माण नहीं करने वाले लोगों की जानकारी सहित आवास निरस्तीकरण की लंबित कार्रवाई की रिपोर्ट भी उन्होने मांगी है। एसडीएम ने पंचायतों में उपलब्ध आबादी भूमि, शासकीय भूमि के संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर राजस्व अधिकारियों को भेजने साथ ही जल जीवन मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने और सोख्ता गड्ढा निर्माण कर भूजल स्तर बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया।

### रिपोर्ट में देरी पर नाराजगी जताई

मामले को गंभीरता से लेते हुए 30 अप्रैल को एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने जनपद पंचायत के तकनीकी सहायकों का 12 सदस्यीय दल गठित कर पंचायतों में निर्माणाधीन आवासों का सत्यापन कर दस दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा था। पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी संबंधित दल द्वारा रिपोर्ट जमा नहीं करने पर पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में सत्यापन दल, तकनीकी सहायकों और पंचायत सचिवों की बैठक ली और स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमदान और श्रद्धांजलि के साथ मनी बक्शी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत, साहित्य और संस्कृति की पावन नगरी में हिंदी साहित्य के महान पुरोधा, माटी पुत्र व युगद्रष्टा साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की 132 वीं जयंती के अवसर पर नपा, सेवाभावी संस्थाओं और पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान अपनी मातृभूमि के नाम विशेष स्वच्छता अभियान सहित श्रमदान कार्यक्रम का गरिमामय जनजागरण से ओतप्रोत आयोजन राजा फतेह सिंह मैदान से हुआ।

जहाँ उपस्थित जनसमूह ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश देकर नगर को स्वच्छ, सुंदर व जागरूक बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान दौरान सहभागी हाथों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायी संदेश लेकर निकले व नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन को लेकर जागरूक किया।

स्वच्छता अभियान व श्रमदान बाद सभी पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला पहुँचे, जहाँ बक्शी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।



### योगदान को किया याद

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने साहित्य के क्षेत्र में बक्शी जी के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रतिवर्ष उनकी जयंती में विशेष आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को प्रस्ताव जिला प्रशासन की ओर से भेजा जा रहा है इसके अलावा नालंदा परिसर का निर्माण भी जिले में होना है जिसमें एक कक्ष को बख्की जी के सम्मान में उनकी कृतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अलग से रखने का भी प्रयास किया जाएगा।

प्राचार्य अनुराग सिंह ने स्वागत उद्बोधन, स्वच्छता अभियान की संक्षिप्त जानकारी वंदना टांडेकर ने दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ राजन यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम संचालन शिक्षक रुपेश कुमार देवांगन ने और आभार प्रदर्शन शाला विकास समिति के अध्यक्ष शशांक ताम्रकार ने किया। इस दौरान बक्शी जी के पौत्र नितेश बख्शी, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, घम्मन साहू, दिनेश वर्मा, डॉ बिशेसर दास साहू, गोरेलाल वर्मा, चंद्रप्रकाश गायकवाड़, पार्षद अजय जैन, रूपेंद्र रजक, जितेंद्र सिंह गौर, व्यापारी मोटवानी, सीएमओ पुनीत राम वर्मा, महेश गिरी, कमलेश कोठले, राजीव सिंह, खलील कुरैशी, इला सिद्दीकी, समसूल होदा खान, याहिया नियाजी, नीलम सिंह राजपूत, गोविंद सोनी, प्रणय मोहबे, उत्तम बागड़े, लता तिवारी, आनंद चोपड़ा, लकेश्वर जघेल, नवीन जैन, नवीन महोबे, संजय फोटानी, सूर्यकांत यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### साहित्य के क्षेत्र में दिलाई पहचान

विक्रांत सिंह ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में खैरागढ़ को साहित्य के क्षेत्र पहचान दिलाने में बक्शी जी का अमूल्य योगदान है। उनकी 132 वी जयंती के अवसर में सामूहिक श्रमदान की सराहना करते हुए जानकारी दिया राज्य सरकार द्वारा हाल ही में एक अच्छे शहर व नगर पालिकाओ की सूची जारी की गई है, जिसमें आगामी समय में और भी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की जाएंगी, जिसमें नगर पालिका को स्थान दिया गया है। उन्होने उपस्थितो को स्वच्छता व सामाजिक जिम्मेदारी की शपथ दिलाई।

# दिग्विजय कॉलेज और महिला कॉलेज भिलाई में समझौता



**राजनांदगांव।** महिला महाविद्यालय भिलाई और शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव के मध्य 26 मई को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना तथा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना है। इस समझौते के अंतर्गत फैकल्टी एक्सचेंज, स्टूडेंट एक्सचेंज, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, सेमिनार, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कार्यशालाएं तथा संयुक्त शोध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर भिलाई महिला महाविद्यालय से प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. भावना पांडेय की उपस्थिति रही। वहीं शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव से प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, आईक्यूएसी प्रभारी यूनुस राजा बेग, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा एवं सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) डॉ. सोनल मिश्रा उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने इस पहल को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम बताते कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा ज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में सकारात्मक एवं रचनात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगा। यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य आपसी सहयोग, संसाधनों के आदान-प्रदान तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# जिले की 2468 किशोरी बालिकाओं का निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण



**राजनांदगांव।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरी गति से चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले में 2468 किशोरी बालिकाओं को चिकित्सकों की निगरानी में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया है। जिसमें टीकाकरण उपरांत कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा एचपीवी वैक्सीन को पूरी तरह सुरक्षित बताया गया है। टीका लगवाने माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। अभियान के तहत लक्षित आयु वर्ग की लड़कियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक (सिंगल डोज) दी जा रही है। डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सही उम्र में ली गई यह सिंगल-डोज वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी है। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष 90 दिन तक की बालिकाओं को कवर किया जा रहा है। यह वैक्सीन सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। पारदर्शिता और बेहतर रिकॉर्ड के लिए इस पूरी प्रक्रिया को यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जहां लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है।

सभी अभिभावकों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की है। अभिभावक अपनी बेटियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सत्रों में एचपीवी सुरक्षा कवच अवश्य दिलवाएं। एचपीवी वैक्सीन के संबंध में विस्तृत जानकारी निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से प्राप्त की जा सकती है।

## मोर गांव मोर पानी महाभियान से जल संरक्षण को मिली गति

# जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी जल उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में मोर गांव मोर पानी महाभियान तहत जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से विभिन्न जल संरक्षण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार जिले में अब तक जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य संपादित हुआ है जिसमे समुदाय के लिए बोरवेल पुनर्भरण के लिए रेत फिल्टर व पुनर्भरण गड्ढा निर्माण के 202 कार्य, भू-जल संरक्षण के 26 कार्य और समुदाय के लिए तालाब निर्माण व पुनरुद्धार के 295 कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी व पंचायत भवनों में छत पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं का 102 कार्य पूरा हो गया हैं।

साथ ही समुदाय के लिए मिनी अंतश्रवण टैंक निर्माण के 25 व समुदाय के लिए गेबियन चेक डैम निर्माण के 34 कार्य भी किए गए हैं। व्यक्तिगत लाभार्थियों के अंतर्गत भी जल संरक्षण के साथ-साथ आजीविका संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अंतर्गत व्यक्तियों के लिए इरिगेशन ओपन वेल के 97, कृषि तालाब निर्माण के 369 काम पूरा हुआ हैं, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी आय में वृद्धि के अवसर भी सुनिश्चित हो रहा हैं।

### पुराने जल श्रोतों का जीर्णोद्धार

जिले की ग्राम पंचायतों में नवा तरिया आय का जरिया अभियान अंतर्गत नए तालाबों का निर्माण एवं पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह पहल न केवल जल संरक्षण को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि आजीविका संवर्धन का सशक्त माध्यम भी बन रही है, जिससे ग्रामीणों को मत्स्य पालन, सिंचाई सहित अन्य आयवर्धक गतिविधियों का अवसर प्राप्त हो रहा हैं। विशेष रूप से ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा से अपने घरों में निजी सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है जिससे वर्षा जल का संरक्षण बढ़ रहा है और भू-जल स्तर में सुधार को बल मिल रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए ताकि आगामी वर्षा ऋतु में अधिकतम जल संग्रहण सुनिश्चित किया जा सके। वही जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल संरक्षण के इस महाभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और जल के महत्व को समझते हुए उसके संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।

# जिला कोटवार संघ की बैठक में शामिल हुए उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह



**खैरागढ़।** जिला मुख्यालय मे आयोजित जिला स्तरीय कोटवार संघ की बैठक में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। संघ पदाधिकारियों द्वारा स्वागत विक्रांत सिंह ने कहा कि कोटवार ग्रामीण व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो शासन और ग्रामीणों के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोटवारों की भूमिका और अधिक अहम हो गई है, क्योंकि वे गांवों में प्रशासनिक सूचनाओं के संप्रेषण और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करते हैं। संघ के जिला अध्यक्ष बीरेश मेश्राम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपा। जिमें प्रमुख रूप से कोटवारों की नियुक्ति के समय उनके परिवार को प्राथमिकता देने, खैरागढ़ स्थित अस्थायी बैठक भवन में विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रांतीय कोटवार संघ की बैठक खैरागढ़ में आयोजित करने की मांग शामिल थी।

विक्रांत सिंह ने आश्वासन दिया कि कोटवारों की जायज मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संगठन की एकता की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार मिलजुलकर कार्य करने से समस्याओं का समाधान आसान हो जाता है। इस दौरान भैया लाल चंदेल, नारायण उइके, कृष्णा मानिकपुरी, संजय मेश्राम, किसुन रामटेके, जागेशर मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में जिले के कोटवार उपस्थित थे।

# ट्रेनों व स्टेशन की सघन सुरक्षा जांच, आपातकालीन स्थिति के लिए मॉक ड्रिल

## सुरक्षा व्यवस्था के तहत आरपीएफ, जीआरपी, रेलवे विभाग व पुलिस ने किया संयुक्त अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने रेलवे स्टेशन में पुलिस, आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। इस दौरान ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर की सघन सुरक्षा जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के नेतृत्व में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन परिसर में जिला पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं रेलवे विभाग द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया गया।

### यात्रियों को सुरक्षित निकासी व चेकिंग

राजनांदगांव पुलिस, आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन एवं प्लेटफार्म परिसर में त्वरित भीड़ नियंत्रण करते हुए यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। आपातकालीन निकासी मार्ग एवं फुटओवर ब्रिज के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षित निकासी एवं व्यवस्थित चेकिंग की गई तथा पूरे घटनाक्रम को शांतिपूर्ण एवं नियंत्रित तरीके से संचालित किया गया।

### आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तवित अभ्यास

इस दौरान मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन एवं बिलासपुर से दिल्ली जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की सुरक्षा जांच करते हुए स्टेशन एवं प्लेटफार्म परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे स्टेशन में अत्याधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित होने, यात्रियों के अचानक बेहोश होने एवं संदिग्ध लावारिस बैग मिलने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक अभ्यास किया गया।



### अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

इस संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास में राजनांदगांव पुलिस के रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू, थाना प्रभारी लालबाग रमेश पटेल, चौकी प्रभारी तुमड़ीबोड़ दिलीप पटेल, रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी तरुणा साहू, जीआरपी जनक लाल तिवारी, बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वायड, रेलवे स्टेशन राजनांदगांव के सुपरवाइजर सहित रेलवे विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उद्देश्य

पुलिस द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा किसी भी स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाई सुनिश्चित करना है।

### बेहतर तालमेल का प्रदर्शन

मॉक ड्रिल के दौरान भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सुरक्षा घेराबंदी, संदिग्ध वस्तु जांच एवं समन्वित बचाव कार्रवाई का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया। सभी विभागों द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया एवं बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए आपातकालीन स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया। संयुक्त अभ्यास के दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से चेक किया गया।

## सार समाचार

### शोकाकुल परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**छुरिया।** ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई और आर्थिक सहायता प्रदान की। समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है, जिसके तहत हाल ही में दिवंगत हुए परिवारों को सहयोग राशि देकर मानवता का परिचय दिया गया। समिति द्वारा स्वर्गीय रामाधीन निर्मलकर के पुत्र रमन निर्मलकर एवं रामाधार यादव की पत्नी जयंती बाई यादव के निधन पर उनके शोक संतप्त परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने कहा कि दुख की घड़ी में परिवारों के साथ खड़ा होना ही समाज की सच्ची ताकत है। समिति भविष्य में भी जरूरतमंद एवं पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव खलील अहमद कुरैशी, कोषाध्यक्ष धनेश्वर गुप्ता, नरेन्द्र मानिकपुरी, सत्यनारायण अग्रवाल, धनेश सेन, भूपेन्द्र देवांगन, शिव निषाद (वार्ड पंच), छोटेलाल निषाद, आशिष गुप्ता, वसीम कुरैशी (वार्ड पंच), दुष्यंत कंवर, राजेश गुप्ता, मनोज कोचे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



### दिग्विजय कॉलेज ने 8 दिन में किए परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्वशासी स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की एमएससी भौतिकी, वनस्पति तथा माइक्रो बायोलाजी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर भौतिकी में 33 में से 29, एमएससी द्वितीय सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र में 29 में से 29 तथा एमएससी द्वितीय सेमेस्टर माइक्रो बायोलाजी में सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षा का समापन 19 मई को हुआ था। इसके पश्चात 27 मई से परीक्षा परिणाम घोषित किए जा रहे हैं। शेष कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी कर दिया जाएगा।

### दिनेश बने रिटेल कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** पिछले दिनों श्री रिटेल कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संघ राजनांदगांव के नए सत्र की घोषणा एवं नई टीम का चयन किया गया। नए अध्यक्ष की घोषणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के सानिध्य में किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु दिनेश कोठारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। उसके पश्चात अध्यक्ष द्वारा पूरी टीम का घोषणा की गई है। संरक्षक शांतिलाल कोठारी, विनय डढ्डा, श्रीचंद कोचर, जनरैल सिंह भाटिया, बसंत कांकरिया, धीरू भाई पटेल, निवृतमान अध्यक्ष रमेश बजाज, उपाध्यक्ष मनोज ओस्तवाल , संजय बैद, सुनील बैद, सचिव दिनेश झाबक (डीके), सहसचिव राजा ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष हर्ष लुनिया, कॉर्डिनेटर महेश गोलछा (धन्नू), राहुल बोहरा, मीडिया प्रभारी संकेत गोलछा, सांस्कृतिक प्रभारी महक बाफना मनोनीत किए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौतम छाजेड़, संजय खंडेलवाल, अभिषेक बरडिया, विपिन बोहरा, संजय अग्रवाल, अजय संचेती, पवन चौरडिया, श्रेयांश टाटिया, प्रतीक सुराणा, सागर कोचर, बॉबी ओस्तवाल, अजीत गीड़िया मनोनीत किए गए हैं।



### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली गिरने से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रुपए एवं छुरिया तहसील अंतर्गत आग से धान फसल क्षति होने पर 17 हजार रुपए, आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आंधी-तूफान से पेड़ की डंगाल गिरने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, सर्पदंश से दो जनहानि होने पर 8 लाख रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत जलाशय बांध में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक

# अवैध रूप से खाद विक्रय और भंडारण करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में ईंधन संरक्षण के दृष्टिगत एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में एसडीएम, सीईओ, सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों ने वर्चुअली उपस्थिति सुनिश्चित की। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर मौके पर ही गुणवत्ता जांच कर पात्र हितग्राहियों को त्वरित लाभ



### ट्रांसफार्मरों में अग्नि सुरक्षा के रखे इंतजाम

कलेक्टर ने तेज गर्मी एवं बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी विद्युत सब स्टेशनों एवं ट्रांसफार्मरों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संभावित आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, नियमित निरीक्षण, साफ-सफाई तथा तकनीकी खामियों का समय पर निराकरण किया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### ई-केवाईसी करें पूर्ण

कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के ई-केवाईसी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों का समय-सीमा में ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि उन्हें योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लंबित प्रक्रियाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध हो सके।

### लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर ने पीजी पोर्टल, पीजीएन जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन तथा कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार समीक्षा के दौरान लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### किसानों के लिए पर्याप्त खाद

कलेक्टर ने जिले में खाद भंडारण एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली। जिले की सहकारी समितियों में खाद का भंडारण किया गया है, जिसे किसानों को वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भंडारण करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## आज लखोली स्कूल मैदान में 7 वार्ड के लिए जन समस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओ का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा हैं।

शिविर की कडी में कल 28 मई गुरुवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 30, जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, बैगापारा वार्ड नं. 33, कन्हारपुरी वार्ड नं. 34, लखोली वार्ड नं. 35 एवं सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिए लखोली स्कूल मैदान (सीडीएस) में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे।

### मस्ती की पाठशाला का स्थाई व्यवस्था की मांग

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री हेमंत ओस्तवाल ने महापौर से मांग करते कहा कि महापौर निधि से मस्ती की पाठशाला के लिए स्थाई व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष महापौर निधि से एक करोड़ 25 लाख रुपए के लगभग शासन से प्राप्त होती है। पूर्व महामंत्री श्री ओस्तवाल ने महापौर मधुसूदन यादव से मांग की है कि मस्ती की पाठशाला का जो आयोजन सप्ताह में एक दिन रविवार का निर्धारित किया है, उसे उसी चौपाटी स्थल पर पुष्पवाटिका में स्थाई मस्ती की पाठशाला का आयोजन कराया जाए।

## कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर 2.60 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टोरेट में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी रविचंद्र मंडले निवासी ग्राम लिटिया पुलिस चौकी सुकुलदैहान ने 2 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी प्रकाश गजभिये 33 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12 स्टेशनपारा चिखली ने प्रार्थी को नौकरी लगवाने का लालच देकर उससे कुल 2,60,000 रुपए की ठगी की है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध चौकी सुकुलदैहान थाना लालबाग में धारा 318(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



### सख्त कार्रवाई होगी

नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील है कि किसी भी लालच में आकर अनजान व्यक्ति को पैसे न दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

- अंकिता शर्मा, एसपी

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार मामले में जांच में पाया गया कि आरोपी ने प्रार्थी से यूपीआई तथा नगदी के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में कुल 2,60,000 रुपए लिया है। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ बातचीत का ऑडियो को भी पुलिस द्वारा पेन ड्राइव में जब्त किया गया है। साथ ही बैंक स्टेटमेंट से भी लेन-देन की पुष्टि हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में 27 मई को चौकी सुकुलदैहान पुलिस द्वारा आरोपी प्रकाश गजभिये को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया।

### बाइक सवार को ट्रक ने ठोंका, मौत

**खैरागढ़।** बाइक में सवार होकर जा रहे युवक को लापरवाही से भागती ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जालबांधा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाकठेरा निवासी जगन्नाथ वर्मा उम्र लगभग 32-33 वर्ष 26 मई को मुर्गी फार्म खाद भरने ट्रैक्टर में गया था। खाद भरकर अपने बाइक से वापस लौट रहा था। वह मेन रोड शक्ति मंदिर के पास पहुंचा ही था कि लापरवाही से भागती ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## युवक मृत मिला, शिनाख्ति का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एक अज्ञात युवक इंडियन गैस गोदाम पिपरिया के पास मृत अवस्था में मिला। जिसकी सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक का हुलिया पुरुष उम्रदराज लगभग 30 वर्ष, रंग सांवला, बाल काला, सामान्य बदन, दाहिने हाथ के कलाई में गुलाबी रंग माला लपेटकर पहना है। दाहिने हाथ में गोदना है। जिसमें "हरिओम" लिखा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई में लिया। वारिसान का पता तलाश किया जा रहा है।

## नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

- संगोष्ठी में नेहरू के योगदान और आधुनिक भारत निर्माण की भूमिका पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को सतनाम भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, पार्षद और विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत पं. जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने नेहरू के स्वतंत्रता संग्राम, लोकतंत्र की मजबूती, वैज्ञानिक सोच और आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को याद किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू ने देश को आधुनिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास की मजबूत दिशा दी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने का काम किया। जिसकी नींव पर आज का भारत खड़ा है। इस दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, सूर्यकांत जैन, पंकज बांधव, प्रेम रुचंदानी, वीरेंद्र चंद्राकर, देवेश वैष्णव, झम्मन देवांगन, राजा तिवारी, ललित मरकाम, महेंद्र बहादुर, विशु आजमानी, अभिमन्यु मिश्रा, विप्लव शर्मा, आफताब अहमद, संतोष शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### नेहरू के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नेहरू के विचारों और संविधानिक मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द, भाईचारा तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई।

## समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत का शपथ ग्रहण संपन्न

# समाज को सही दिशा दिखाते हैं मूर्धन्य साहित्यकार: मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साहित्य समाज का दर्पण होता है। श्रेष्ठ साहित्य एक सार्थक, स्वतंत्र एवं संभावनाशील विधाओं से जीवन के यथार्थ अंश, खंड, प्रश्न, क्षण, केन्द्र बिन्दु, विचार या अनुभूति को गहनता के साथ व्यंजित करता है। लेखकीय कार्य सचमुच उपासना है, अमरता की ओर ले जाने का पथ है, जो कह दिया सो बह गया, जो लिख दिया सो रह गया, एक प्रवाह बन गया।

उक्त उद्गार समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के छत्तीसगढ़ प्रांत इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने व्यक्त किया। उन्होंने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते साहित्य के माध्यम से समाज को सही दिशा दिखाते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सृजन संवाद भवन में एसी लगाने तथा राजनांदगांव में अप्रैल 2028 में समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन हेतु ऑडिटोरियम को निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही साथ उन्होंने सृजन संवाद भवन के पास खुदाई किए गए नलकूप में फंसे हुए पाईप को निकलवाकर सब मर्सिबल पंप उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के संस्थापक व संयोजक डॉ. मुकेश कुमार व्यास स्नेहिल गांधीनगर गुजरात ने की, जिन्होंने संस्थान के छत्तीसगढ़ प्रांत इकाई के पदाधिकारियों के साथ-साथ राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के नव मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाया। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि की आसंदी को पद्मश्री फुलबासन यादव और पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने सभा को संबोधित करते एक नई ऊर्जा का संचार किया। संचालन गजेन्द्र हरिहारनों डोंगरगांव ने किया।



### साहित्यकारों ने किया काव्य पाठ

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों कद्वारा पूजन-अर्चन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना डॉ. पद्मा साहू पर्वणी खैरागढ़ व हर्षा देवांगन डौंडीलोहारा ने प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ का राज्य गीत लोक गायक पप्पू कलिहारी और कवयित्री डॉ. पद्मा साहू पर्वणी तथा समरस गान गायत्री साहू शिवांगी बालोद ने प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. इकबाल खान तन्हा ने किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, गरियाबंद, रायपुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के साहित्यकारों ने विभिन्न विषयों पर केंद्रित काव्य पाठ किया।

### ई-पत्रिका का विमोचन

स्वागत भाषण प्रोफेसर डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा ने दिया। नव मनोनीत प्रांताध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य पिनकापार बालोद ने अपने संबोधन में सभी कलमकारों को सत्यनिष्ठ भाव से लेखकीय कर्म का संपादन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान की ई-पत्रिका रक्तदान विषय पर केन्द्रित रचनाओं का संकलन, गायत्री साहू शिवांगी कृत समरस गान का यू ट्यूब संस्करण का लोकार्पण तथा राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, युवा कवि प्रीतम कोठारी समीर की रचना का विमोचन किया गया।



**खबर संक्षेप**

## महंगाई से लोग परेशान किसानों पर पड़ रहा असर

**कोलेगांव।** लगातार बढ़ रही महंगाई से आम नागरिकों की चिंता बढ़ती जा रही है।



पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोतरी का असर अब सीधे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों की जेब पर दिखाई देने लगा है। जिस पर सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश पाण्डेय ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है और सबसे ज्यादा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेती का सीजन शुरू हो चुका है और किसान खेत तैयार करने, बुवाई तथा सिंचाई कार्यों में जुट गए हैं। ऐसे समय में डीजल के दाम बढ़ने से ट्रैक्टर, पंप और कृषि कार्यों का खर्च बढ़ गया है। पहले जो कृषि कार्य कम लागत में हो जाता था, अब उसी के लिए किसानों को अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है। डीजल की कीमत बढ़ने का असर परिवहन व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। किराया बढ़ने के साथ-साथ रोजमर्रा की वस्तुओं, हरी सब्जियों और भवन निर्माण सामग्री के दामों में भी तेजी आई है। बाजार में लगातार बढ़ती कीमतों से आम लोग परेशान हैं। दिनेश पाण्डेय ने कहा कि सरकार महंगाई कम करने की बात तो करती है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों से आम नागरिक और किसान दोनों परेशान हैं। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने तथा किसानों और आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली से किसान नाराज, कलेक्टर से न्याय की गुहार

# बिना मुआवजा दिए किसानों की जमीन पर नहर व सड़क निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/पंडरिया

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बकेला एवं क्रांति जलाशय फिडर क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा किसानों की जमीन पर बिना मुआवजा दिए नहर लाइनिंग एवं सड़क निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विभाग ने लगभग 60 फीट चौड़ी भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया, लेकिन प्रभावित किसानों को अब तक न तो उचित मुआवजा मिला और न ही अधिग्रहण संबंधी नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की गई। इससे किसानों में भारी नाराजगी है।

पीड़ित किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए न्याय की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

प्रभावित किसानों में पुरुषोत्तम पनिका, प्रेम साहू, खोरबहरिन साहू, रामलाल साहू, जलेश्वर जायसवाल, संजय सोनी, कमला बाई जायसवाल, कांति सोनी सहित अन्य किसान शामिल हैं। सभी किसान तहसील पंडरिया के निवासी हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम बकेला एवं कांति फिडर नहर योजना अंतर्गत सेमरकापा माईनर से नहर निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन भूमि अर्जन की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही खेतों में निर्माण करा दिया गया।

किसानों का कहना है कि पंडरिया पटवारी हल्का नंबर 36 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 16 और 17 की कृषि भूमि को विभाग ने अधिग्रहित कर लिया है। खेतों में नहर लाइनिंग का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन प्रभावित किसानों से न तो सहमति ली गई और न ही किसी प्रकार की पूर्व सूचना दी गई। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य के कारण कई किसानों की खेती प्रभावित हुई है। खेतों तक पहुंचने के रास्ते बाधित हो गए हैं और कृषि कार्य में परेशानियां बढ़ गई हैं। किसानों ने शासन की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए किसानों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उचित समाधान का आश्वासन दिया है।

**पहले निर्माण, फिर मुआवजे का आश्वासन**




प्रभावित किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग ने बिना विधिवत सहमति और मुआवजा प्रक्रिया पूरी किए सीधे खेतों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया। कई किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि पर नहर लाइनिंग और सड़क निर्माण होने से खेती प्रभावित हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी शुरुआत से ही केवल आश्वासन देते रहे, लेकिन आज तक किसी भी किसान को शासन की गाइडलाइन अनुसार मुआवजा राशि नहीं मिली। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान उनकी आपत्तियों को गंभीरता से नहीं सुना गया। अब आर्थिक नुकसान झेल रहे किसान प्रशासन से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**जमीन गई, मुआवजा नहीं मिला दर-दर भटक रहे किसान**

प्रभावित किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा उनकी निजी भूमि पर नहर और सड़क निर्माण कार्य कर दिया गया, लेकिन आज तक किसी प्रकार की मुआवजा राशि नहीं दी गई। किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी लगातार आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**आंदोलन की चेतावनी, किसानों ने दी प्रशासन को मोहलत**

किसानों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शासन की गाइडलाइन के अनुसार शीघ्र मुआवजा नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की है।



## धौराबंद-बंशापुर-प्राणखैरा सड़क निर्माण में देरी

- निर्माण कार्य में देरी से ग्रामीणों में बढ़ती जा रही नाराजगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धौराबंद से बंशापुर होते हुए प्राणखैरा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा 15 अप्रैल को जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक काम प्रारंभ नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार 11 मार्च 2026 को सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के बाद धौराबंद, बंशापुर, प्राणखैरा सहित आसपास के गांवों के लोगों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने आंदोलन किया था। आंदोलन के बाद लोक निर्माण विभाग एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्य शुरू कराने की बात कही गई थी, लेकिन लगभग तीन महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर डाली गई मिट्टी के कारण कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात का मौसम नजदीक होने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो बारिश के दौरान आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाएगा।

**जल्द से जल्द निर्माण कार्य की प्रारंभ की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे पुनः कलेक्टर कार्यालय एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के सामने आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## बरबसपुर प्रवेश द्वार जर्जर, प्लास्टर गिरने से राहगीरों की बढ़ी समस्या

- जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर सिंघनपुरी बिलासपुर नेशनल मार्ग पर स्थित बरबसपुर के प्रवेश द्वार स्थित है, जो 1997-98 में ग्राम पंचायत के द्वारा निर्माण कराया गया था ताकि गांव का नाम रौशन व जन-जन तक पहुंच सके, लेकिन प्रवेश द्वार अधिक वर्ष होने के कारण अब वर्तमान में क्षतिग्रस्त होकर जर्जर हो चुके हैं।

जिनके कारण से प्लास्टर गिर रहे हैं, छड़ दिखाई दे रहे हैं आने जाने वाले राहगीरो के सिर के ऊपर कभी भी गिर सकता है, लेकिन इस ओर शासन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत के पास गांव की बुनियादी समस्या से निजात और गांव की विकास और गांव की तस्वीर बदलने की ताकत इन्हीं के पंचायती राज के हाथों में बागडोर की चाबी-ताला होती है ये भी संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि नवनिर्माण प्रवेश द्वारा बन सके और राज्य और केंद्र तक गांव का नाम रौशन हो सके।




## विधायक भावना ने करोड़ों रुपए से अधिक के निर्माण अधोसंरचना कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**खास बातें**

- भावना बोहरा द्वारा शिविर में 25 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को स्वामित्व पट्टा, राशन कार्ड एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरुस्कार स्वरूप चेक वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विधानसभा एवं कुण्डा मण्डल अंतर्गत कुण्डा सहित विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों नई गति देते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने करोड़ों रुपए से भी अधिक के विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत सेंहाभाठा में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में उन्होंने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने की निर्देश दिए।

कुण्डा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कुण्डा में लगभग 24 लाख 70 हजार रुपए से नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया, ग्राम पंचायत खम्हारिया के आश्रित ग्राम गुंझेटा में 10 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन 6 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन एवं ग्राम पंचायत छीतापार में 10 लाख रुपए एवं 3 लाख 96 हजार रुपए की दो सीसी रोड एवं ग्राम पंचायत छीतापार के आश्रित ग्राम केशली खुर्द में 8 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण हेतु कार्य स्थल का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया। वही ग्राम कंझेटा में 36.38 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित थें।



**महतारी सदन से महिलाओं को सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के लिए मिलेगा सुविधा**

कुण्डा में आयोजित महतारी सदन भवन के लोकार्पण के दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहर ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के लिए पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, विधायक ने कहा राज्य सरकार ने कुण्डा में 24 लाख 70 हजार रुपए से सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का सौगात कुण्डा क्षेत्र की महिलाओं को दिया है। उन्होंने कहा सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन निर्माण से महिलाओं को अब बैठक के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, महतारी सदन से महिलाओं को सामाजिक आर्थिक गतिविधियों के लिए सुविधा जनक स्थान मिलेगा।

## गन्ना फसल का भुगतान नहीं होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में गन्ना फसल बेच चुके किसान भुगतान नहीं होने से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि गन्ना आपूर्ति किए कई दिन बीत जाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि वर्तमान समय खेती-किसानी का सीजन है और खाद, बीज व अन्य कृषि कार्यों के लिए पैसों की अत्यधिक आवश्यकता होती है। किसानों का आरोप है कि समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण उन्हें साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दुकानदार भी उधार में खाद-बीज देने से बच रहे हैं या अधिक दाम वसूल रहे हैं। इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।

ग्रामीण किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में बेचे गए गन्ने की राशि का जल्द भुगतान कराया जाए, ताकि किसान समय पर खेती कार्य कर सकें और आर्थिक संकट से राहत मिल सकें।



## प्याज की फसल खेतों में तैयार एकत्रित करने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कबीरधाम को कृषि प्रधान जिला कहा जाता है, क्योंकि एक ही फसल पर किसान निर्भर नहीं है। कबीरधाम जिले के किसान हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु व आंध्रप्रदेश के किसानों जैसे एक ही खेतों पर विभिन्न प्रकार की फसलों की पैदावार कर रहे हैं और अपनी आमदनी को दोगुना बढ़ा रहे हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दौजरी के किसान सुखदेव यादव व अशोक धुर्वे ने बताया की धान काटने के बाद गर्मी के समय पर प्याज की बुवाई की गई जो, अब परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं। अब वर्तमान में प्याज की फसल को एकत्रित इकट्ठे कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एक एकड़ खेतों में 50 से 75 क्विंटल पैदावार होता है, उन्होंने बताया कि मंडी में 7 किलो बिक रहे हैं और वही बाजार में 10-15 और गांव गांव में कोचिया 15 से 20 किलो में बेच रहे हैं। प्याज की फसल को बेचने के बाद फिर पुनः धान की फसल ली जाएगी। वहीं ग्राम दौजरी नाऊडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, जेवडन खुर्द, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, बीजाझोरी व घुकसा में ग्रामीण किसान प्याज की पैदावार और समेटने में जुटे हुए हैं।



### ओडाडबरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## कुण्डा प्रवास पर पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उनका पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुण्डा एवं पेंड्रीकला आगमन हुआ, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

कुण्डा आगमन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा द्वारा ग्राम ओडाडबरी में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं जयकारों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। प्रवास के दौरान भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश चंदनिया कुर्मी समाज एवं चंद्राकर युवा समिति कुण्डा द्वारा आयोजित नवनिर्मित सामाजिक भवन के लोकार्पण समारोह में हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने समाजसेवी संतोष चंद्राकर एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया कौशल चंद्राकर के यहां आयोजित शोक कार्यक्रम में भी सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, राजेश शुक्ला, तुकाराम चंद्रवंशी, महामंत्री लक्ष्मण यादव, मंडल अध्यक्ष सुमितपाल खनूजा, प्रीति ठाकुर, मनोज भास्कर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### आईटी असिस्टेंट पद के लिए आवेदन 23 तक करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) में आईटी असिस्टेंट पद पर संविदा भर्ती की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों आमंत्रित किए गए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सचिन गुप्ता बने जिला मुख्य आयुक्त

**कवर्धा।** भारत स्काउट एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा द्वारा युवा एवं लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता सचिन गुप्ता को कबीरधाम जिले का मुख्य जिला आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से जिले सहित प्रदेशभर के युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है। सचिन गुप्ता लंबे समय से छात्र राजनीति, सामाजिक गतिविधियों एवं युवा नेतृत्व से जुड़े रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। इसके साथ ही वे भारतीय जनता युवा मोर्चा में जिला महामंत्री के पद पर भी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनके नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2017 के दौरान दुर्ग संभाग एवं विभिन्न जिलों में आयोजित छात्रसंघ चुनावों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई थी। उस दौरान अधिकांश महाविद्यालयों में विद्यार्थी परिषद समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर संगठन को मजबूती प्रदान की थी। छात्र हितों से जुड़े अनेक आंदोलनों और संघर्षों का नेतृत्व करते हुए सचिन गुप्ता ने युवाओं के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई। सामाजिक गतिविधियों, शिक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन और संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### आईटीआई प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 29 मई से

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मई 2026 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 की रात 11:59 बजे तक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने की सलाह दी गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी अपने नजदीकी शासकीय आईटीआई संस्था अथवा वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार एवं संस्था/व्यवसाय की प्राथमिकता क्रम में भी संशोधन कर सकेंगे।

### जन समस्या निवारण शिविर अब 29 मई को

**कवर्धा।** कवर्धा विकासखंड के ग्राम जेवडनखुर्द में 28 मई 2026 को आयोजित निर्धारित जन समस्या निवारण शिविर की तारीख में संशोधन किया गया है। सीईओ जनपद पंचायत कवर्धा संदीप पोयाम ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को राज्य शासन द्वारा ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व का शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसके कारण अब यह शिविर 29 मई 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। जेवडनखुर्द सुशासन शिविर का जो क्लस्टर बनाया गया है उसमें दौजरी, बटुराकछार, जेवडनखुर्द, जरती, डबराभाठ, बोधईकुण्डा, मजगांव, समनापुर, रेंगाखारखुर्द, बरपेलाटोला, जोराताल, अमलीडीह, सिंघनपुरी, जमुनिया, बरबसपुर, रवेली, राम्हेपुरखुर्द, सुरजपुरा, खडौदाखुर्द, सुखाताल, घुघरीखुर्द, घुघरीकला, मरपा, पालीगुड़ा, नेवारी, ये गांव शामिल हैं।

### कवर्धा में 17 जून को लगेगा रोजगार मेला

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कबीरधाम द्वारा आगामी 17 जून 2026 दिन बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला काली माता मंदिर के पास ठाकुर पारा स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित होगा, जहां जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। जिला रोजगार कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी दोनों प्रकार के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 10वीं पास, 12वीं, स्नातक तथा तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगे। आवेदकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि वेतनमान संबंधित पद और संस्था के अनुसार अलग-अलग रहेगा। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही मेले के दिन सभी आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होकर सीधे साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र ने जिले के निजी प्रतिष्ठानों एवं संस्थाओं स्कूल, हॉस्पिटल, कंप्यूटर संस्थान, बीमा कंपनियां, माइक्रो फाइनेंस, सेल्स, फेब्रिकेशन, सिक्योरिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां से भी रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। भर्ती करने की इच्छुक संस्थाओं को अपने संस्थान का नाम, पता, पंजीयन क्रमांक, जीएसटी अथवा पैन नंबर, संपर्क व्यक्ति का नाम, मोबाइल नंबर, रिक्त पदों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, वेतन एवं अन्य आवश्यक जानकारी 8 जून 2026 तक जिला रोजगार कार्यालय में जमा करनी होगी।

### जिला कांग्रेस ने दी पं.नेहरू को श्रद्धांजलि



**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा बुधवार को स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, आधुनिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश को शिक्षा, विज्ञान, औद्योगिक विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति पंडित नेहरू की प्रतिबद्धता आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश में वैज्ञानिक सोच, सार्वजनिक संस्थानों और विकास की मजबूत आधारशिला रखी, जिसका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पंडित नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श, विचार और राष्ट्र निर्माण की भावना सदैव समाज और देश को दिशा प्रदान करती रहेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**वारदात:** मुख्य मार्ग स्थित किराना दुकान में घुसे बदमाशों ने की झपटमारी

# नगर पंचायत पांडातराई में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग, महिला दुकानदार बनी शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले के पांडातराई क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े हुई चैन स्नैचिंग की घटना ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि मुख्य बाजार क्षेत्र में किराना दुकान संचालित कर रही एक महिला के गले से दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चैन झपट ली और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है तथा क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। लोगों का कहना है कि अब बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पांडातराई नगर के मुख्य मार्ग पर अमरावतीन बाई बंजारे अपनी किराना दुकान संचालित करती हैं। रोज की तरह वह दुकान में बैठी हुई थीं। इसी दौरान दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान पहुंचे। दोनों युवकों ने पहले बीड़ी और नशीले पदार्थ खरीदने का बहाना किया तथा कुछ देर तक आसपास का माहौल देखते रहे।

इसी दौरान महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही बदमाशों ने अचानक उनके गले में पहनी करीब आठ माशा वजन की चार पत्ती सोने की चैन झपट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी तेजी से मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक पंडरिया मार्ग की ओर भाग निकले। आरोपियों ने घटना को इतनी तेजी और सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया कि आसपास मौजूद लोग भी कुछ समझ नहीं पाए और आरोपी आसानी से भागने में सफल रहे। घटना के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### घटना को लेकर लोगों में दहशत व नाराजगी



दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद पूरे पांडातराई क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि अब महिलाएं और दुकानदार भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। क्षेत्रवासियों ने बढ़ते नशे के कारोबार को अपराध बढ़ने का प्रमुख कारण बताया है। लोगों का आरोप है कि नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे युवा अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं अब लूट और चैन स्नैचिंग जैसी गंभीर वारदातों में बदलती जा रही हैं।



### लोगों ने कहा- अपराधियों में अब नहीं रह गया पुलिस का भय

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में पुलिस व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि अपराधियों के मन से पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है, जिसके कारण बदमाश खुलेआम वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो रहे हैं। पांडातराई जैसे शांत माने जाने वाले क्षेत्र में हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि दिनदहाड़े दुकान में बैठी महिला भी सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता खुद को किस भरोसे सुरक्षित माने।

# संकट में अन्नदाता, आठ तहसीलों में सौंपा ज्ञापन

## खाद, बीज, डीजल सब मंहगा, पिस रहे किसान




■ गन्ना किसानो को अब तक नहीं हो पाया समुचित भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के संयुक्त तत्वावधान में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर बुधवार को कबीरधाम जिले की सभी आठ तहसीलों सहित प्रदेशभर की तहसीलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने खाद, बीज, बीमा राशि, समर्थन मूल्य भुगतान एवं कृषि संबंधी अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के जिलाध्यक्ष सोनी वर्मा ने कहा कि देश वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय संकट के दौर से गुजर रहा है, जिसे किसान संगठन गंभीरता से समझ रहे हैं। संकट की इस घड़ी में किसान देश के साथ खड़ा है, क्योंकि अन्नदाता होने के नाते सभी का पेट भरने की जिम्मेदारी किसानों की है।

उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के लिए खाद एवं अन्य कृषि आदानों की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। यदि खाद की कमी होगी तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। किसान संगठनों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगातार खाद की कालाबाजारी हो रही है, लेकिन सरकार द्वारा इसे रोकने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं।

किसान नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों के हितों की अनदेखी जारी रही तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### संघ ने शासन के समक्ष रखी अपनी मांगे

ज्ञापन में मांग की गई कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी और दो बोरी यूरिया दिया जाए। साथ ही निजी खाद विक्रेताओं द्वारा अधिक कीमत पर खाद बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। किसान संगठनों ने सी-एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों को नगद खाद वितरण की व्यवस्था करने, नैनो उर्वरकों के प्रयोग संबंधी उचित जानकारी उपलब्ध कराने तथा डीजल को कंटेनर एवं जैरिकेन में किसानों को उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण बीजों का समितियों में भंडारण, हरी खाद के लिए ढैंचा, सन एवं मूंग के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने, गन्ना किसानों का लंबित भुगतान शीघ्र कराने, धान एवं चना बीमा राशि वितरित करने तथा समर्थन मूल्य पर चना बेचने वाले किसानों का भुगतान जल्द करने की मांग की गई। ज्ञापन कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के प्रांत, जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 01 जून को सार्वजनिक अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा उप निर्वाचन 2026 के तहत मतदान को ध्यान में रखते हुए 01 जून 2026 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार नगरपंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद तथा ग्राम पंचायत उड़ियाखुर्द के वार्ड क्रमांक-08 एवं ग्राम पंचायत पोलमी के वार्ड क्रमांक-14 के रिक्त पंच पदों के लिए 01 जून को मतदान कराया जाएगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस पर सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश प्रभावशील रहेगा। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में जारी किया गया है।

# मतदान एवं मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन आबकारी विभाग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम/उप निर्वाचन 2026 के तहत मतदान एवं मतगणना दिवस को दृष्टिगत रखते हुए जिला कबीरधाम अंतर्गत नगर पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

जारी आदेशानुसार नगर पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र की देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें मतदान दिवस 01 जून 2026 के 48 घंटे पूर्व अर्थात 30 मई 2026 की शाम 5 बजे से मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त मतगणना दिवस 04 जून 2026 को मतगणना समाप्ति तक भी संबंधित मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। यदि आवश्यक हुआ तो 02 जून 2026, मंगलवार को खंड मुख्यालय पंडरिया में होने वाली मतगणना के दौरान पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा क्षेत्र की मदिरा दुकानें भी बंद रखी जाएंगी।

खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना (यदि आवश्यक हो) दिनांक 02 जून 2026 दिन - मंगलवार को खण्ड मुख्यालय पंडरिया में संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान पंडरिया एवं खण्ड मुख्यालय स. लोहारा में संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकान स. लोहारा को बंद रखी जाएंगी। शुष्क अवधि के दौरान किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, क्लब अथवा अन्य प्रतिष्ठानों में मदिरा विक्रय एवं परोसने की अनुमति नहीं होगी।

# लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं जिले के प्याज उत्पादक किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कभी उपभोक्ताओं को रूलाने वाला प्याल इस सीजन में जिले के किसानो का रूला रहा है।



आलम ये है कि कमर तोड़ मंहगाई के बीच जिले के प्याज उत्पादक किसान बाजार में अपनी फसल को बेंचकर लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में हर बार की तरह इस बार भी प्याज का बम्पर उत्पादन हुआ है। जिसके चलते बाजार में प्याज की भारी आवक बनी हुई है साथ ही जिले में दूसरे राज्यों से भी प्याज लेकर विक्रेता पहुंच रहे हैं। यही वजह है की बाजार में इन दिनो प्याज 6 से 7 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। इस स्थिति को देख किसानो में भारी मायूसी देखी जा रही है। प्याज विक्रेता किसानो ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि बाजार में इस समय प्याज का जो भाव चल रहा है उससे उनकी लागत तक नहीं निकल पा रही है।

जबकि मौजूदा वक्त में डीजल, पेट्रोल से लेकर खाद, बीज सहित सभी चीजों के दाम बढ़ चुके हैं। किसानो ने यह भी कहा कि जिले में कोल्ड स्टोर नहीं होने के कारण वे अपनी फसल को कम दामों में बेंचने मजबूर है।

**रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार अग्रणी**

# रोजगार व जल संरक्षण चल रहा साथ-साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्रामीणों को बड़ी संख्या में रोजगार का अवसर मिल रहा है। वर्तमान में 68970 से अधिक पंजीकृत ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में 2588 निर्माण कार्य प्रगति पर है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया एवं स. लोहारा क्षेत्र के ग्रामीणों को अभी तक 9 लाख 36 हजार मानव दिवस का रोजगार प्राप्त हो चुका है तथा रोजगार देने का सिलसिला निरंतर जारी है। इन कार्यों के लिए ग्रामीणों को प्रतिदिन 261 रुपए के दर से मजदूरी का भुगतान प्राप्त हो रहा है जो उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतो में पर्याप्त मात्रा में निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं तथा ग्रामीणों की मांग पर कार्य प्रारंभ कर रोजगार दिया जा रहा है। नवा तरिया आय के जरिया, आजीविका डबरी, सामुदायिक डबरी, नए तालाबों का निर्माण, अमृत सरोवर,सोकपिट निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण सहित अनेक जल संवर्धन के कार्यों के साथ स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण हो रहा है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जहां इन कार्यों से एक ओर ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है तो वहीं दूसरी ओर स्थाई परिसंपत्ति के निर्माण से आजीविका के नए स्त्रोत खुले रहे हैं।

### गांव में है रोजगार के पर्याप्त अवसर

इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतो में पर्याप्त कार्य स्वीकृत है। ग्रामीणों की मांग पर तत्काल नए कार्य खोले जा रहे हैं। सभी सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराये। हमारी प्राथमिकता है कि वर्षा ऋतु के पूर्व जल संग्रहण के सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए जिससे कि वर्षा जल संग्रहित होकर भू-जल स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिल सके।



### 2580 से अधिक निर्माण कार्य प्रगतिरत

महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों पर जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में 2580 से अधिक निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इनमें 68970 से अधिक ग्रामीणों को प्रतिदिन रोजगार मिल रहा है। रोजगार देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 4742 हितग्राहियों को अपने स्वयं के आवास बनाने में रोजगार मिल रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से अभी तक 21.00 करोड रुपए का मजदूरी भुगतान जिले के ग्रामीणों को प्राप्त हो चुका है जो उनके लिए आर्थिक संबल जैसा है।

### नवतपा में लॉकडाउन जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते 25 मई से प्रारंभ हुए नवतपा इस बार जमकर तप रहे हैं। आलम ये है कि नवतपा के इन दिनो में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते कवर्धा शहर में दोपहर के समय लॉक डाउन जैसा नजारा देखने को मिल रहा है।

हालांकि बीते दो दिनो से अंचल का मौसम फिर से करवट बदलते दिख रहा है और आसमान में कुछ-कुछ देर के लिए बदली भी जा रही है लेकिन इसके बावजूद भगवान भास्कर की तपिस अपने रौद्र रूप में है। जिसके चलते लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना मुस्किल हो गया।

स्थिति ये है कि सुबह भोर फटने के साथ ही तीखी और चटक धूप खिल रही है जो दोपहर होते-होते इतनी तेज हो जाती है कि शहर की सड़के सूनी हो जाती है मानो शहर में लॉक डाउन लगा हो।